# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 15.8.26 | 6 | 7-8 |

## हर घर तिरंगा प्रदर्शनी, साइकिल से पहुंचे कुलपति



**हिसार|** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसमें कुलपति बीआर कंबोज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वे प्रदर्शनी स्थल तक साइकिल से पहुंचे और पर्यावरण संरक्षण, स्वस्थ जीवनशैली व साइकिल के अधिक उपयोग का संदेश दिया। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी कॉलेज में उद्घाटन के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में तिरंगे के इतिहास, विकास, महत्व और सम्मान से जुड़े तथ्य चित्रों व संदेशों के माध्यम से प्रस्तुत किए गए हैं, जो युवाओं के लिए प्रेरक हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 15.8.26 | 14 | 3-4 |



हिसार। प्रदर्शनी का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

## हर घर तिरंगा प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों ने दिया देशभक्ति का संदेश

हिसार। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 9 से 17 अगस्त तक मनाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित प्रदर्शनी में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। विशेष बात यह रही कि कुलपति प्रदर्शनी स्थल तक साइकिल चलाकर पहुंचे और आमजन को पर्यावरण संरक्षण, स्वस्थ जीवनशैली तथा साइकिल के अधिकाधिक प्रयोग का संदेश दिया। उन्होंने मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के गौरवशाली इतिहास, विकास, महत्त्व और सम्मान से जुड़े विभिन्न रोचक तथ्यों को चित्रों एवं संदेशों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है, जो युवाओं लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। प्रदर्शनी में तिरंगा को जाने थीम के माध्यम से नागरिकों को तिरंगे से जुड़े ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी दी गई। इसके अलावा प्रदर्शनी में नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और सही उपयोग के प्रति जागरूक किया गया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 15.8.26 | 15 | 5-8 |

# विभाजन की त्रासदी को कभी भुलाया नहीं जा सकता: प्रो. काम्बोज



हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की जबकि मुख्य वक्ता के तौर पर सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि भारत का विभाजन हमारे इतिहास का अत्यंत पीड़ादायक अध्याय है। लाखों लोगों को विस्थापन, हिंसा और अपार पीड़ा का सामना करना पड़ा। अपने घर, जमीन और संपत्ति के साथ-साथ प्रियजनों को भी खो दिया। यह दुखों को याद करने का अवसर नहीं, बल्कि इतिहास से सीख लेकर बेहतर भविष्य के निर्माण का संकल्प लेने का दिन है। उन्होने कहा कि विभाजन की त्रासदी को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

## ऐतिहासिक प्रसंग सुनाए

मुख्य वक्ता कृष्ण कुमार ने कहा कि भारत की विविधता हमारी शक्ति है। विभिन्न भाषाओं, संस्कृतियों, परंपराओं और विचारों के बावजूद हम सभी एक राष्ट्र के रूप में एकजुट हैं। उन्होंने विभाजन विभीषिका से जुड़े ऐतिहासिक प्रसंग सुनाए। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने सभी का स्वागत किया। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा ने सभी का धन्यवाद किया। मंच का संचालन छात्र रितिक शर्मा ने किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 15.8.26 | 14 | 1-2 |

## हकृवि के सामुदायिक महाविद्यालय में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'तिरंगा यात्रा' का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में कॉलेज के शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपरोक्त महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. मोनिका शर्मा ने तिरंगा यात्रा में स्वयं सहभागिता करते हुए सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल हमारे राष्ट्र का ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, गौरव और संप्रभुता का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।



हिसार। तिरंगा यात्रा में शामिल विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 15.8.26 | 6 | 7-8 |

## सामुदायिक विज्ञान कॉलेज में तिरंगा यात्रा



**हिसार** | एचएयू के सामुदायिक विज्ञान कॉलेज में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तिरंगा यात्रा आयोजित की गई। यात्रा में शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी और विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। अधिष्ठाता डॉ. मोनिका शर्मा ने स्वयं यात्रा में शामिल होकर प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय


| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| हरियाणा मेल | 14.08.2026 | ----- | ---- |


### एचएयू में हर घर तिरंगा प्रदर्शनी के माध्यम से

# देशभक्ति और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

## कुलपति प्रो. बीआर कंबोज साइकिल चलाकर पहुंचे, युवाओं से तिरंगा अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का किया आह्वान

**महेंद्र गोयल, हरियाणा मेल**



हिसार। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 9 से 17 अगस्त तक मनाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित प्रदर्शनी में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कंबोज ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। विशेष बात यह रही कि कुलपति प्रो. बीआर कंबोज प्रदर्शनी स्थल तक साइकिल चलाकर पहुंचे और आमजन को पर्यावरण संरक्षण, स्वस्थ जीवनशैली तथा साइकिल के अधिकाधिक प्रयोग का संदेश दिया।

उन्होंने मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के गौरवशाली इतिहास, विकास, महत्व और सम्मान से जुड़े विभिन्न रोचक तथ्यों को चित्रों एवं संदेशों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है, जो युवाओं लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। प्रदर्शनी में तिरंगा को जाने थीम के माध्यम से नागरिकों को तिरंगे से जुड़े ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी दी गई।

इसके साथ ही हर घर तिरंगा अभियान के तहत 17 अगस्त तक प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराने तथा राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ अभियान में भागीदारी करने का संदेश दिया गया।

प्रदर्शनी में तिरंगे के ऐतिहासिक सफर से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रसंगों को भी दर्शाया गया। इसमें वर्ष 1907 में मैडम भीकाजी कामा द्वारा स्टुटगार्ट जर्मनी में तिरंगा फहराने, 30 दिसंबर 1943 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा पोर्ट ब्लेयर में तिरंगा फहराने, 29 मई 1953 को तेनजिंग नॉर्गे द्वारा माउंट एवरेस्ट पर भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराने तथा अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा द्वारा अंतरिक्ष में राष्ट्रीय ध्वज को प्रदर्शित करने सहित देश के गौरव से जुड़े अनेक प्रसंगों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में राष्ट्रीय ध्वज के निर्माण एवं स्वरूप से जुड़े तथ्यों के साथ यह भी बताया गया कि अशोक चक्र में 24 तीलियां होती हैं। तिरंगे के वर्तमान स्वरूप में चरखे के स्थान पर अशोक चक्र को शामिल किए जाने तथा राष्ट्रीय ध्वज की डिजाइन से जुड़े पिंगली वेंकैया के योगदान को भी प्रदर्शित किया गया।

इसके अलावा प्रदर्शनी में नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और सही उपयोग के प्रति जागरूक किया गया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| Transparent News | 14.08.2026 | ----- | ---- |

TRANSPARENT NEWS WWW.TRANSPARENTNEWS.IN Punjab/Haryana New Delhi

# A 'Har Ghar Tiranga' rally organized at Haryana Agricultural University, and VC Prof. Baldev Raj



**Transparent News Bureau**
**Hisar (Haryana):** August 13:- A 'Tiranga Rally' was organized at Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (HAU) as part of the 'Har Ghar Tiranga' campaign. Organized by the Directorate of Student Welfare, the rally was flagged off by the University's Vice-Chancellor, Prof. Baldev Raj Kamboj, from the Vice-Chancellor's Secretariat. University officials, faculty members, staff, and students participated in the rally, carrying the Tricolour and raising patriotic slogans.

In his address, Vice-Chancellor Prof. Baldev Raj Kamboj stated that the Tricolour is a symbol of our pride, honor, and glory. The Tiranga Yatra conveys a message of national unity, integrity, and harmony. He noted that the primary objective of this campaign is to disseminate the message of national unity, integrity, and brotherhood to the masses. He emphasized the need to strengthen the spirit of patriotism and social solidarity, while also fostering respect for the national flag and awareness of national values through such events. These programs help cultivate a sense of patriotism, a sense of duty, and responsibility towards the nation among the youth and students. The Vice-Chancellor remarked that the active participation of youth, students, and ordinary citizens is crucial for the country's progress. He called upon everyone to play their part in nation-building and to pledge their active contribution towards creating a developed and self-reliant India.

Director of Student Welfare, Dr. Madan Khichar, informed that the 'Har Ghar Tiranga' campaign is being conducted across the country from August 9 to August 17.


During this period, various patriotic and public awareness programs, including the Tiranga Yatra, are being organized. The Tiranga Yatra commenced at the Vice-Chancellor's Secretariat and proceeded via the Community Centre, Old Campus, Campus School, and Faculty Club before returning to its starting point. Deans of various colleges, directors, officials, and a large number of students were present on the occasion.

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पवित्र भारत | 14.08.2026 | ----- | ---- |


# हर घर तिरंगा अभियान के तहत हकृवि में निकाली गई तिरंगा रैली

## कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना





**पवित्र भारत ब्यूरो**
**हिसार (हरियाणा):**
13 अगस्त:- चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में ह्हर घर तिरंगाह्न अभियान के अंतर्गत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित इस रैली को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कुलपति सचिवालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ रैली में शामिल हुए। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सद्भावना का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से राष्ट्र की एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश जन-जन तक पहुंचाना इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से देशभक्ति और सामाजिक एकजुटता की भावना को मजबूत करने के साथ-साथ राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान तथा राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति जागरूकता पैदा करना आवश्यक है। ऐसे आयोजनों से युवाओं एवं विद्यार्थियों में देशप्रेम, कर्तव्यबोध और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। कुलपति ने कहा कि देश की प्रगति में युवाओं, विद्यार्थियों और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है।

उन्होंने सभी से राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने तथा विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि देशभर में ह्हर घर तिरंगाह्न अभियान 9 से 17 अगस्त तक चलाया जा रहा है। इस दौरान तिरंगा यात्रा सहित विभिन्न देशभक्ति एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। तिरंगा यात्रा कुलपति सचिवालय से प्रारंभ होकर सामुदायिक केन्द्र, ओल्ड कैंपस, कैंपस स्कूल, फैकल्टी कल्ब से होते हुए वापिस अपने गंतव्य स्थल पर पहुंची। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी व काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।